सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून, 30 दिसम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को परिवार मिलन कार्यक्रम में राजभवन के समस्त कार्मिकों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की। राज्यपाल ने राजभवन के समस्त कार्मिकों एवं उनके परिजनों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की। राज्यपाल ने समस्त राजभवन परिवार को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कामना की कि नववर्ष सभी के लिये अच्छा स्वास्थ्य, शांति एवं सुख–समृद्धि लेकर आए। उन्होंने कहा कि राजभवन के परिवार के सभी सदस्यों के साथ मिलकर बेहद प्रसन्नता हो रही है। राज्यपाल ने कहा कि कोई भी खुशी का समय परिवार के रूप में एक साथ मनाना चाहिए और किसी भी चुनौती का सामना मिलकर ही किया जाना चाहिए तभी परिवार की सार्थकता सिद्ध होती है।

राज्यपाल ने कहा कि राजभवन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा 2023 में राजभवन की गरिमा के अनुरूप उत्कृष्ट कार्य किया गया है साथ ही कई गणमान्य व्यक्तियों के प्रवास के दौरान को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। उन्होंने कहा की नववर्ष नए संकल्प के साथ एक नवीन आरंभ का अवसर है। नववर्ष में सभी कार्मिक इसी भावना के साथ अपने कार्य पूरी श्रद्धा और निष्ठा से करते हुए अपने कार्यों में निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करें। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, अपर सचिव नितिन सिंह भदौरिया एवं राजभवन सचिवालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

............0............